मुळा एज्युकेशन सोसायटी

कला, वाणिज्य व विज्ञान महाविद्यालय, सोनई

हिंदी विभाग

आयोजित

स्वागत समारोह

दिनांक- 19 जुलै 2017

समय - सुबह १०.३०

स्थान - हिंदी विभाग

महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हिंदी विभाग के सभी विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अध्यक्ष के रुप में हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. एस.बी. चौधारे जी, प्रमुख अतिथि के रुप में अंग्रेजी विभाग प्रमुख डॉ . वर्पे जी, मराठी विभाग प्रमुख डॉ. मिसाळ सर जी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सूत्र संचालन तृतीय वर्ष के छात्र श्री.संदीप शिंदे ने किया । कार्यक्रम का प्रास्ताविक छात्र श्री. बाळासाहेब डफाळ ने किया । कार्यक्रम के शुरुवात में विभाग की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों व अध्यक्ष का गुलाब पुष्प देकर स्वागत किया गया। बाद में तृतीय वर्ष के विदयार्थी, कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं अतिथि तथा विभाग के अन्य प्राध्यापकों के हाथों से गुलाब पुष्प देकर द्वितीय वर्ष के छात्रों का स्वागत किया गया।

प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ. वर्पे जी ने अपना मंतव्य व्यक्त किया। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व को बताकर द्वितीय वर्ष के छात्रों को प्रेरणा देकर उत्साह भर दिया। साथ ही आनेवाले भविष्य को देखते हुए महाविद्यालयीन शिक्षा की ओर गंभीरता से अवलोकन के लिए भी सचेत किया। विभाग के अध्यापक प्रा. ए .एम . दहातोंडे और प्रा. डी.एम .माने जी ने भी अपना मंतव्य व्यक्त कर सभी छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम में आगे द्वितीय वर्ष के छात्रों ने अपने विचारों एवं भावनाओं को प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. चौधारे मॅडम जी ने कार्यक्रम के महत्व एवं विभाग के छात्रों की कार्यक्रम में सहभागिता को लेकर अपना मत व्यक्त किया। इस अवसर पर **नागरी लिपि परिषद, नई दिल्ली** द्वारा गत वर्ष अर्थात 2016-17 में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में विशेष उपलब्धि प्राप्त ०५ छात्राओं तथा विभाग प्रमुख डॉ.श्वेता चौधारे जी को प्रशस्ति पत्र एवं नगद रुपये इनाम देकर गौरवान्वित किया गया। तत्पश्चात द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए स्व-परिचय कार्यक्रम रखा गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी के लिए अल्पभोजन का आयोजन किया गया, जिसका सभी ने आनंद उठाया।

कार्यक्रम के अंत में विभाग की सय्यद अंजुम ने आभार प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का वृत्तांत लेखन कु.स्नेहल भागवत ने किया।

कुछ क्षणाचित्र

हिंदी विभाग आयोजित,
द्वितीय वर्ष स्वागत समारोह
2017-18

हिंदी विभाग आयोजित,
द्वितीय वर्ष स्वागत समारोह
2017-18

हिंदी विभाग आयोजित,
द्वितीय वर्ष स्वागत समारोह
2017-18

हिंदी विभाग आयोजित,
द्वितीय वर्ष स्वागत समारोह
2017-18